# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

श्री दिगम्बर जैन समाज की संसद

पत्रिका

श्री दिगम्बर जैन महासमिति का लक्ष्य - संगठित समाज



श्री दिगम्बर जैन महासमिति के सदस्यों के वितरण हेतु पत्रिका

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति की सदस्यता शुल्क का विवरण

| श्रेणी (CATEGORY) | धनराशि (AMOUNT) | (अवधि PERIOD) |
|---|---|---|
| विशिष्ट शिरोमणि संरक्षक | 100000.00 | आजीवन |
| शिरोमणि संरक्षक | 51000.00 | आजीवन |
| संरक्षक | 11000.00 | आजीवन |
| विशिष्ट सदस्य | 5100.00 | आजीवन |
| सहयोगी सदस्य | 3100.00 | आजीवन |
| सम्मानीय सदस्य | 1100.00 | आजीवन |
| साधारण सदस्य | 500.00 | (पाँच वर्ष हेतु) |

## आवश्यक सूचना

1. पत्रिका शुल्क सदस्यों के लिए 500/– रू वार्षिक देय होगा।
2. सदस्यता पहचान पत्र शुल्क अतिरिक्त 100/– रू देय होगा।
3. अधिक जानकारी एवं सदस्यता फार्म के लिए निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**नवीन सोगानी**
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

E-2 पहली मंजिल, जवाहर पार्क
हीरा स्वीट्स के पीछे विकास मार्ग
लक्ष्मीनगर, शकरपुर दिल्ली-110092
मो. 9990358901, 9810358901

## सदस्यता शुल्क एवं सहयोग के लिए
## बैंक खाते का विवरण

**Bank Account Detail of** : Shree Digamber Jain Mahasamiti

**Account No** : 10170001973962

**Branch** : Bandhan Bank, Greater Kailash, Delhi-110048

**IFSC Code** : BDBL0001727

वर्ष 7 - अंक 3

जुलाई 2025

Title Code : DELBIL11586

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

सामाजिक, साहित्यिक, राष्ट्रीय चेतना की संदेशवाहक एक मात्र मासिक पत्रिका

राष्ट्रीय अध्यक्ष
डॉ मणीन्द्र जैन
9810043108

राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष
श्रीमती शीला डोडिया

राष्ट्रीय संयोजक
डॉ. रिचा जैन
मो. 9822221951

राष्ट्रीय महामंत्री
प्रवीन कुमार जैन (लोनी)
मो. 9811227718, 9711227718

राष्ट्रीय महिला महामंत्री
इन्दु जैन गांधी

प्रधान सम्पादक
धरणेन्द्र कुमार जैन
मो. 8826578600, 9999495706
ईमेल : dkjdhir@gmail.com

महिला सम्पादक
ममता गंगवाल, धार (म.प्र.)
मो. 9406669696

संपादक (विदेश)
कुँवर पाल शाह U.S.A.

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक
डॉ. मणीन्द्र जैन

**मुख्य कार्यालय**

Shree Digamber Jain Mahasamiti
70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mobile : 9810043108,8826578600
E-mail : sdjmsnational@gmail.com

मुद्रक : सेवाभारती प्रिंटिंग प्रेस
हाथरस-204101
मो. 8791580090

| विषय सूची | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सम्पादकीय...................... | 2 |
| 2 | संगठन की शक्ति ने.......... | 3 |
| 3 | हृदय में प्रेम....................... | 4 |
| 4 | श्री दिगम्बर जैन................ | 5 |
| 5 | महासमिति की योजनाओं.... | 6 |
| 6 | बेलेन्स सीट...................... | 9 |
| 7 | शपथ ग्रहण समारोह............ | 10 |
| 8 | जीवन साथी...................... | 12 |
| 9 | हर्ष पूर्ण सूचना................. | 13 |
| 10 | गुरू पूर्णिमा........................ | 16 |
| 11 | संभागीय कार्यकारिणी......... | 19 |
| 12 | महिला महासमिति................ | 20 |

लेखक के विचारों से सम्पादक या इसकी प्रकाशन संस्था श्री दिगम्बर जैन महासमिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सम्पादकीय

# सकारात्मक विश्वास मनुष्य को सफलता दिलाता है।



**मन दो प्रकार का होता है।** पहला चेतन व दूसरा अवचेतन। चेतन मन के द्वारा मनुष्य जाग्रत अवस्था में सोचता है और बाहरी दुनिया का अनुभव करता है। अवचेतन मन इन्हीं सब बातों को ग्रहण कर सुरक्षित रख लेता है। एक प्रकार से अवचेतन मन को आत्म तत्व के साथ जोड़कर देखा जाता है। एक नियत परिस्थिति में अचानक प्रतिक्रिया इसी अवचेतन मन से आती है और इसी को आत्मशक्ति भी कहते हैं। दुनिया के सभी धर्म विश्वास के रूप हैं और विश्वास कई तरीकों से स्पष्ट किए जाते हैं। अपने जीवन और ब्रह्मांड के बारे में जैसा विश्वास होगा, मनुष्य को वैसा ही मिलता है। मनुष्य अगर विश्वास कर सके, तो उसके लिए हर चीज संभव है। नेपोलियन को विश्वास था कि दुनिया में असंभव शब्द है ही नहीं और इसी विश्वास के चलते उसने बड़े बड़े युद्ध जीते।

**जहां पर सकारात्मक विश्वास मनुष्य को सफलता दिलाता है,** वहीं पर नकारात्मक व निराशाजनक सोच मनुष्य को असफलता, संदेह व आत्मविश्वास में कमी की ओर ले जाती है। आज चारों तरफ आपाधापी व स्वार्थपरायणता ने अनेक नौजवानों को नकारात्मक सोच की तरफ अग्रसर कर दिया है। जब यह सोच ज्यादा बढ़ जाती है, तो अवचेतन मन ऐसी स्थिति में उनसे आत्महत्या जैसा अपराध करा देता है। इससे यह सिद्ध होता है कि मनुष्य का अवचेतन मन शक्ति का भंडार है, जिसमें जैसा मनुष्य एकत्र करेगा, उसका कई गुना वह पाएगा। इसीलिए कहा गया है कि **मन के हारे हार है और मन के जीते जीत।** अमेरिका के डॉ. जोसेफ मर्फी ने शोध से पता लगाया कि यदि चेतन मन को विश्वास हो जाता है कि वह अब ठीक हो सकता है, तो अवचेतन मन के उसे पूरा करने के लिए शक्ति पैदा करता है और अवचेतन मन आदेश पर मस्तिष्क उसी प्रकार के हार्मोन पैदा करके उस कार्य को पूरा करता है। ऐसी मान्यता है कि अवचेतन मन केवल वर्तमान जीवन को ही नहीं प्रभावित करते, बल्कि आत्मा के साथ दूसरे शरीर धारण के समय भी साथ रहता है। दूसरे जन्म में इसी अवचेतन मन के कारण व्यक्तित्व निर्माण व संस्कार प्राप्त होते हैं। इसीलिए यदि मनुष्य वर्तमान जीवन और अगले जीवन में आनन्द चाहता है, तो उसे अपने चेतन मन व अवचेतन मन को सकारात्मक सोच व विचारों से परिपूर्ण करना होगा।

**- धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली**

# संगठन की शक्ति ने ही मानव को महान बनाया..



**मानवता का सबसे सफल प्रयोग है संगठन।** वैसे तो पशु पक्षियों और कीट पतंगों में भी संगठन की व्यापक सोच होती है, लेकिन मानव के लिए यह उज्जवल पक्ष अधिक महत्वपूर्ण है। मनुष्य ने उन्नति के शिखर की ऊँचाईयों का स्पर्श किया। ऋषि, मुनियों और संत महात्माओं से नैतिकता की शिक्षा का प्रभाव यह हुआ कि उसने उत्थान की यात्रा सबके साथ मिल कर तय की। मानव समाज आगे बढ़ता गया। देश बने, राष्ट्रों का निर्माण हुआ और संस्थाओं का विकास हुआ। **संगठन की शक्ति ने ही मानव को महान बनाया।** इस संगठन की शक्ति से ही आपसी समझ और विश्वास की आधार शिला मजबूत होती है। संसार के प्रायः सभी देशों में लोकप्रिय सरकारें काम कर रही हैं। यह संगठनात्मक ऊर्जा का ही तो परिणाम है। शांति और व्यवस्था के पीछे सामाजिक एक जुटता की भावना प्रमुख होती है। इसीलिए संगठन की अवधारणा नैतिक मूल्यों की उत्तरापेक्षी है। बड़े कामों के लिए लोगों की एकता अनिवार्य है, जो सद्भाव के बिना कायम नहीं रह सकती। मन मस्तिष्क में विषय वस्तुएं हमेशा ही जल में लहरों की भांति आती और जाती रहती हैं।

संसार में हर प्राणी एक–दूसरे से जुड़ा होता है। उसका रूप और रंग कुछ भी हो सकता है। यहीं से संगठन की एक नींव पड़ती है। घर, परिवार, कुटुंब, समुदाय, जाति, समाज–ये सभी संगठन के ही स्वरूप हैं। पवित्र उददेश्य के लिए बनाया गया संगठन कल्याणकारी है। अपवित्र लक्ष्य को लेकर बना किसी भी प्रकार का संगठन सफल नहीं होता, भले ही वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो? संगठन के लिए मैत्री भावना की पृष्ठभूमि सदैव सकारात्मक मूल्यों से परिपूर्ण होनी चाहिए। मैत्री भावना सबसे बड़ा मानवीय गुण है। इसीलिए मानव संगठन सदैव गुणों के प्रतीक माने गए हैं। संगठन की बुनियाद तभी स्थायी होती है. जब उसके सदस्यों के मध्य आपस में नेकनीयती और पारस्परिक प्रतिबद्धता हो। इन दोनों गुणों के अभाव में संगठन दम तोड़ देते हैं।

**- डॉ. मणीन्द्र जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## जैन समाज के लोगों ने मनाई वीर शासन जयंती

अलीगढ़ जैन समाज ने भगवान महावीर के प्रथम उपदेश के उपलक्ष्य में वीर शासन जयंती मनाई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्री दिगंबर जैन महासमिति के प्रांतीय महामंत्री राजीव जैन ने बताया कि वीर शासन जयंती जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है। आज से लगभग 2500 से अधिक वर्ष पूर्व भगवान महावीर ने कृष्ण प्रतिपदा के दिन विपुलाचल पर्वत पर अपना पहला उपदेश दिया था। मुनेश जैन ने कहा कि इस दिन को जैन धर्म में युग परिवर्तन दिवस भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन से ये भगवान महावीर का शासन काल प्रारंभ हुआ माना जाता है। इस दिन जैन धर्मावलंबी भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलने और उनके उपदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर जैन मिलन महिला अलीगढ़ नगर द्वारा खिरनी गेट पर बच्चों को पठन–पाठन सामग्री प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजिका मीना जैन, नगर अध्यक्ष सुमन जैन, मंत्री पूर्वी जैन, कोषाध्यक्ष दीप्ति जैन, मधु जैन, नीता जैन, ऋतु जैन आदि थे। - राजीव जैन, प्रान्तीय महामंत्री, अलीगढ़

# जहां हृदय में प्रेम भाव होगा, वहाँ अहंकार नहीं होता।



**जीवन में व निष्काम प्रेम परमात्मा का स्वरूप है।** यह जीव परमात्मा का अंश है। परमात्मा का बिछड़ा हुआ अंश होने के कारण जीव का आत्म तत्व परमात्मा की ओर आकर्षित होता है। वास्तविक प्रेम पाने के लिए व्यक्ति जगह जगह भटकता है, किंतु प्रेम हमें तभी मिलता है, जब अहंकार का नाश होता है। प्रेम किसी बाजार में नहीं बिकता और न ही दुनिया के किसी बाग बगीचे में उत्पन्न होता है। वस्तुतः प्रेम को पाने के लिए राजा हो या रंक, अमीर हो या गरीब इन सभी को अपने अपने अहंकारों को त्यागना पड़ेगा। **जहां हृदय में प्रेम भाव होगा, वहां अहंकार नहीं होता।** प्रेम के बगैर आनन्द नहीं मिलता। आनन्द को पाने के लिए उस परम पिता सत् चित्त आनन्द की शरण में जाना पड़ता है। प्रेम के बगैर मन उस घड़े के समान है जो बिल्कुल खाली होता है।

एकाग्रता की आत्म साक्षात्कार की कुंजी है। मन को एकाग्र कर चिंतन करना है। किसी भी विषय के संदर्भ में हद से ज्यादा विचार करना चिंता है, लेकिन चिंतन में आनन्द है। चिंता हमारी अंतर्निहित शक्तियों को खोखला कर देती है। मन शुष्क हो जाता है। ऐसी शुष्कता में प्रेम का बीज नहीं पनपता है। प्रेम को पनपाने के लिए सुंदर उर्वरक मन का होना आवश्यक है। ऐसा मन जिसमें किसी प्रकार की ईर्ष्या, द्वेष व नकारात्मक विचार न हों। यदि परमात्मा की प्राप्ति करना है, तो पहले हमें हारना सीखना होगा, देना सीखना होगा। जब तक हम अपना अहंकार या अपने आपको परमात्मा को समर्पित नहीं करते, तब तक हम जीत नहीं सकते। निष्काम प्रेम तो हृदय में बसी भावना में होता है। जिसने प्रेम में अर्पण का भाव रखा, वही श्रेष्ठ है। प्रेम में लोभ, लिप्सा, ईर्ष्या व द्वेष नहीं होता। जो लोग संसार में किसी स्वार्थ के कारण प्रेम करते हैं, उनका प्रेम स्थायी नहीं होता। प्रेम में लेने की इच्छा नहीं होती। सच्चे प्रेम में तो त्याग होता है। आधुनिक मेडिकल सांइस की भी यह मान्यता है कि प्रेम भाव से मस्तिष्क में ऐसे रसायन उत्पन्न होते हैं, जो व्यक्ति के मूड को खुशनुमा बनाते हैं। प्रेम के बगैर जीवन शून्यता व रिक्तता पैदा हो जाती है।

**- ममता गंगवाल, महामंत्री**

- घमण्डी और अहंकारी, समाज की व्यवस्थाओं को चौपट कर देता है।
- गलतियां निकालना आसान है, सुधारना मुश्किल।

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति के स्वामित्व एवं अन्य विवरण के सम्बंध में

## घोषणा

फार्म 4 (नियम 8 दखिये)

| | |
|---|---|
| प्रकाशन का स्थान | नई दिल्ली |
| प्रकाशन की अवधि | मासिक |
| मुद्रक का नाम | डॉ. मणीन्द्र जैन |
| पता | G-60, ईस्ट ऑफ, कैलाश नई दिल्ली–110065 |
| क्या भारतीय नागरिक हैं | हाँ |
| यदि विदेशी हैं तो मूल देश | X |
| प्रकाशक का नाम | डॉ. मणीन्द्र जैन |
| यदि विदेशी नागरिक हैं, तो अपने देश का नाम लिखें। | X |
| सम्पादक का नाम | धरणेन्द्र कुमार जैन |
| पता | 70, कैलाश हिल्स, नई दिल्ली–110065 |
| उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार हैं । | डॉ. मणीन्द्र जैन<br>G-60, ईस्ट ऑफ, कैलाश नई दिल्ली–110065 |

मैं श्री दिगम्बर जैन महासमिति एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है ।

दिनांक–01 जुलाई 2025

प्रकाशक के हस्ताक्षर

**रिश्ते खून के नहीं होते विश्वास के होते हैं। अगर विश्वास हो तो पराये भी अपने हो जाते हैं और अगर विश्वास न हो तो अपने भी पराये हो जाते हैं।**

पंजीयन संख्या 819 / 2016-17

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

70, कैलाश हिल्स, नई दिल्ली -110065
मोबाइल : 9999495706,9810043108 www.sdjms.org,
E-mail : sdjmsnational@gmail.com, info@sdjms.org

| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय अध्यक्षा | राष्ट्रीय संयोजक | राष्ट्रीय महामंत्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|
| डॉ. मणीन्द्र जैन | श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति<br>शीला जैन डोडिया | डॉ. रिचा राजकुमार जैन | प्रवीन कुमार जैन | नवीन सोगानी |
| G-60, ईस्ट आफ कैलाश<br>नई दिल्ली-110065<br>मो. 9810043108 | 1851, चौबियों का चौक<br>घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार<br>जयपुर-302002 (राजस्थान)<br>मो. 9314173436 | 36, गांधी ग्रेन मार्केट<br>टेलीफोन एक्सचेंज चौक, मासकोंट हांडा<br>शोरुम के बाजु में, सी.ए.रोड नागपुर - 3440008<br>मो. 9822221951 | B-63, बलराम नगर लोनी<br>गाजियाबाद-201102 (उ.प्र.)<br>मो. 9811227718,<br>9711227718 | E-2, पहली मंजिल, जवाहर पार्क,<br>हीरा स्वीट्स के पीछे, विकास मार्ग,<br>लक्ष्मी नगर, शकरपुर, दिल्ली-110092<br>मो. 9810358901 |
| Email: manindrajain@hotmail.com | Email: dodya2001@gmail.com | Email: dr.richajain75@gmail.com | Email: praveenjain1958@rediffmail.com | Email: naveensogani@gmail.com |


## श्री दिगम्बर जैन महासमिति द्वारा योजनाओं को शुरू करना है।

1. सभी लोग आपस में मिलते समय जयजिनेन्द्र, जय महावीर बोलें।
2. भोजन से पूर्व णमोकार मंत्र पढ़कर ईश्वर का आभार व्यक्त करें।
3. प्रतिमाह एक श्री जी के मंदिर में जाकर कार्य सेवा (शास्त्रों की देखभाल, सुरक्षा, सफाई आदि करना) करें।
4. श्री दिगम्बर जैन महासमिति द्वारा चलाये जा रहे **IIT** की **Education** के लिए **Super-30** श्री आनन्द जी जिनके ऊपर फिल्म बनी है, उनके साथ मिलकर मेधावी जैन छात्रों की कोचिंग व्यवस्था करना।
5. भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही अल्पसंख्यक योजनाओं को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना।
6. समाज का कोई भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए खाने–पीने तथा उनके बच्चों की पढाई में सहयोग करना।
7. प्रत्येक श्रावक द्वारा साल में दिए जा रहे दान में से **25%** धनराशि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के उत्थान पर व्यय करना (**75%** धनराशि धार्मिक साधू और कार्यक्रमों में व्यय करना) चाहे वह किसी भी राज्य में हो।
8. महिला महासमितियों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान में सहयोग करना।
9. समाज के ऐसे वृद्ध एवं असहाय महिला–पुरुष जिनके परिवार में कोई भी देखभाल करने वाला नहीं है जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर हैं उन्हें आर्थिक सहयोग दिलाने या देने की व्यवस्था करना।
10. **Higher Education (I.A.S., I.P.S., I.R.S.)** मेधावी युवक–युवतियों के लिए मार्गदर्शन (**Guidance** उपलब्ध कराना) करना।

### अन्य सुझाव

11. श्री सम्मेद शिखर जी के पर्वत पर खान–पान सम्बन्धी कोई भी वस्तु पहाड़ पर न ले जाएं ताकि पर्वत की स्वच्छता बनी रहे।

12. देव–शास्त्र–गुरु तथा जैन धर्म की आम्नाओं पर संकट आने पर एक जुट होकर उसकी सुरक्षा करना।
13. महासमिति के माध्यम से विख्यात जैन योगाचार्य सुशील जी के मार्गदर्शन में योग एवं आयुर्वेद के द्वारा तात्कालिक उपचार के लिए प्रत्येक राज्य में शिविर लगाना।
14. विभिन्न प्रकार के **Camp** लगाकर समाज व देशहित में कार्य करना। जैसे **Blood Donation, Eye Testing**, वृक्षा रोपण, स्वच्छता अभियान, पशु–पक्षी रक्षा अभियान आदि।
15. मृत्यु पर्यन्त अंगदान के बारे में जन–जागरण करना।
16. प्रत्येक राज्य /अंचल में सदस्यता अभियान चलाकर समाज को लाभान्वित करना तथा कार्यकारिणी का गठन कर, महासमिति के नाम से बैंक एकाउंट खोलकर महासमिति मुख्य कार्यालय को सूचित करना।
17. उपेक्षित तीर्थ क्षेत्रों एवं प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार की योजना।
18. खंडित प्राचीन मूर्तियों को स्थापित करने के लिए म्यूजियमों की स्थापना।
19. बाल–बालिकाओं में जैन धर्म के प्रति नैतिक शिक्षा का प्रचार–प्रसार।
20. दिगम्बर जैन वृद्ध संतों के लिए तपस्या स्थल बनाने की योजना।
21. दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन पुजारी रखवाने की योजना।
22. दिगम्बर जैन तीर्थों की रक्षा हेतु कमैटी बनाकर क्रियान्वयन करना।
23. जैन **Insurance** योजना चालू करनी है।
24. जैन समुदाय में फैले हुए पंथवाद को हटाकर बड़ा कार्य करने की योजना।
25. महासमिति का 5 करोड़ रुपये का ध्रुवफण्ड बनाने की योजना ।

**- डॉ. मणीन्द्र जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## गणवेश स्कूल बैग के साथ सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम

**श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग द्वारा** गुरुवार दिनांक 24 जुलाई 2025 को प्रातः 9 बजे समिति संरक्षक एवं समाजसेवी राकेश पालीवाल, अध्यक्ष अतुल पाटनी, श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से अजमेर के अंचल में स्थापित नरवर ग्राम की गॉडविल विद्यालय के विद्यार्थियों को गणवेश के साथ स्कूल बैग भेंट किए जाएंगे साथ ही विद्यालय परिसर एवं आस पास के सुरक्षित क्षेत्र में सघन पौधारोपण वातावरण का संदेश दिया जाएगा महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि 70 से अधिक विद्यार्थियों को गणवेश, स्कूल बैग के साथ पौधों को रोपते हुए सभी बच्चो एवं ग्रामवासियों को समिति अध्यक्ष अतुल पाटनी द्वारा पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई जाएगी। प्रवक्ता संजय कुमार जैन ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचने का अनुरोध किया ।

**- मधु पाटनी अजमेर**

SHREE DIGAMBER JAIN MAHASAMITI
70, KAILASH HILLS, SECOND FLOOR
NEW DELHI-110065
Income and Expenditure Alc
1-April-2024 to 31-March-2025

| **Particulars** | | 1-April-2024 to 31-March-2025 | **Particulars** | | 1-April-2024 to 31-March-2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| Indirect Expenses | | 297275.00 | Indirect Incomes | | 343450.00 |
| Office & Printing Exp | 53045.00 | | Donations | 124500.00 | |
| Staff Salary | 162000.00 | | Subs & Membership | 93750.00 | |
| Accounting Fee | 11000.00 | | Dhruv Fund | 125200.00 | |
| Postage & Stamps Exp | 1230.00 | | | | |
| Bhopal Meeting Expenses | 70000.00 | | | | |
| Nett Income over Expense | | 46175.00 | | | |
| Total | | 343450.00 | Total | | 343450.00 |

(Dr. Manindra jain)
President

(Praveen Kumar Jain)
Gen. Secretary

(Naveen Sogani)
Treasurer

SHREE DIGAMBER JAIN MAHASAMITI
70, KAILASH HILLS
SECOND FLOOR
NEW DELHI-110065
Balance Sheet

1-April-2024 to 31-March-2025

| Liabilities | | as at 31-March-2025 | Assets | | as at 31-March-2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Fixed Assets | | 33,052 |
| Loans (Liability) | | | Capital Account | | 6,96,088 |
| Current Liabilities | | 7,72,500 | Capital Reserve/Loss | 6,96,088 | |
| | | | Current Assets | | 54,360 |
| President Loan Mr MK Jain | 7,72,500 | | Cash-in-hand | 6,689 | |
| | | | Bank Accounts | 47,671 | |
| Expenses Payable | | 11,000 | | | |
| Total | | 7,83,500 | Total | | 7,83,500 |

(Dr. Manindra jain)
President

(Praveen Kumar Jain)
Gen. Secretary

(Naveen Sogani)
Treasurer

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति महाराष्ट्र प्रदेश की जंबो कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

श्री दिगम्बर जैन महासमिति महाराष्ट्र प्रदेश की जंबो कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह परम पूज्य आचार्यश्री सुविरसागर जी गुरुदेव के सानिध्य एवं आशीर्वाद से नागठाना अतिशय क्षेत्र में सम्पन्न हुआ। जिसमें नागपूर सहित महाराष्ट्र के अनेक जिलों से नवनियुक्त पदाधिकारी, सदस्य इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुखता से उपस्थित हुवे। सर्व प्रथम परम पूज्य आचार्य श्री सुविरसागर जी गुरुदेव चातुर्मास समिति एवं महासमिति के प्रमुख पदाधिकारी द्वारा आतिशयकारि भगवान मुनिसुव्रतनाथ के फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलन कर महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जैन पेंढारी, महामंत्री प्रशांत मानेकर जैन एवं कोषाध्यक्ष महेन्द्र जैन वाडी के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं सदस्यों ने गुरुदेव को श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

परमपूज्य आचार्यश्री सुविरसागर जी गुरुदेव ने सभी को महासमिति के उद्देश्य और कार्य हेतु शपथ दिलाई और सभी को धर्म और समाज सेवा में समर्पित होकर कार्य करने हेतु आशीर्वाद एवं आशीर्वचन पर प्रवचन दिया। संचालन एवं प्रस्तावना महामंत्री प्रशांत मानेकर जैन और आभार सोशल मीडिया प्रमुख दिनेश सावलकर जैन ने किया। अध्यक्षीय मनोगत सुनिल जैन पेंढारी ने किया। चातुर्मास समिति एवं महासमिति पदाधिकारी सतीश पेंढारी जैन, नितीन नखाते, जितेंद्र तोरावत, नितीन महाजन, मार्गदर्शक सुधीर आग्रेकर, अरविंद हनवंते,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय जुननकर, विजय उदापुरकर, उपाध्यक्ष जगदीश गिल्लरकर, सारंग पनवेलकर, सोशल मीडिया प्रमुख दिनेश सावलकर, प्रवक्ता विनय सावलकर संगठन मंत्री दीपक शेंडेकर, अतिरिक्त संगठन मंत्री प्रशांत अलसेट, मंत्री किशोर मेंढे,सदस्य adv विकास श्रावणे, अनिल जैन चूड़ीवाले,पद्माकर बुलबुले, यात्रा प्रमुख देवेंद्र आग्रेकर, विदर्भ प्रमुख अभिनन्दन पेंढारी, महीला प्रकोष्ठ सौ मीना गरीबे ने सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को तिलक, माला, दुपट्टा पहना कर नियुक्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। चातुर्मास कलश स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुखता से सर्वश्री बिट्टूअनिल जैन,वर्धा संभाग अध्यक्ष अरूण चवड़े, महामंत्री राजेश भुसारी, यवतमाल संभाग महामंत्री शेखर बंड, अजय कहाते, सुनिल मांडवगडे, कारंजा लाड से प्रवीण बोपलकर, अक्षय फड़कुले, सागर दुरूगकर, शैलेश कटके,रत्नदीप गड़ेकर, दीपक दर्यापुरकर, वैजेश पेंढारी, रविन्द्र काले, नितीन बुरसे, पवन जैन कान्हीवाड़ा, हरीश श्रावणे, गिरीश हनुमंते, प्रदीप काटोलकर, प्रमोद राखे, गौरव शहाकार, शैलेश मोपकर, मनीष पिंजरकर, विशाल मानेकर, उदय जोहरापुरकर, निलेश घ्यार, दीपक पनवेलकर अनिल शाहकार आदि अनेक सदस्य एवं महिला समिति सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख हीराचंद मिश्रिकोटकर ने दी।

- सुनील जैन, पेंढारी प्रान्तीय अध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति महाराष्ट्र प्रदेश की जंबो कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम की झलकियां....















# जीवन साथी को लेकर बदल रही है युवाओं की सोच माता–पिता के फैसलों की अब नहीं रही अहमियत



**अब वे दिन लद गये जब माता-पिता** अपने बच्चों के लिए उनका जीवन साथी पसन्द करते थे और बच्चे चुपचाप उनके फैसले को मान लेते थे। बदलते वक्त के साथ इस मामले में लड़के–लड़कियों के फैसले को न केवल प्राथमिकता दी जाने लगी है, बल्कि खुद उनकी पसन्द और भावी जीवन साथी को लेकर उनकी उम्मीदों में भी काफी बदलाव आ गया है। आजकल शादी के मामले में लोगों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। अब लड़के लड़कियों की प्राथमिकतायें अपने भावी जीवन साथी को लेकर काफी बदल गई हैं। वे सोचते हैं कि जो कमियाँ मुझमे हैं मेरा जीवन साथी उन्हें पूरा करे। इसके अलावा आने वाले कल के बारे में सोचकर भी जीवन साथी का चयन किया जाता है । लोगों की पसन्द नापसन्द काफी हद तक उसकी पृष्ठभूमि से जुड़ी होती है। जैसे– व्यापारिक वर्ग घरेलू किस्म की लड़कियों की तवज्जो देता है तो नौकरी पेशा लोग कामकाजी लड़कियों से शादी करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी एक बात है जिसमें अब तक कोई बदलाव नहीं आया है। आज भी हर लड़की और उसके परिवार की पहली पसन्द ऐसे लड़के होते हैं जिनके पास खुद का मकान हो। हर लड़की के माता–पिता यह चाहते हैं कि लड़के के पास अपना मकान जरूर होना चाहिये। वेतन कितना भी हो लेकिन खुद के मकान वाले लड़के आज भी लोगों की पहली पसन्द हैं।

अब तो लगभग सारे रिश्ते लड़के लड़की की पसन्द के बाद ही तय किये जाते हैं। न केवल लड़के बल्कि लड़कियों की पसन्द भी इस मामले में काफी बदल गई है।पढ़ी लिखी लड़कियाँ बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में काम करने वाले या विदेश में बसे ऐसे लड़कों से शादी करना चाहती हैं, जो उसके कैरियर को बराबर का महत्व दें। लड़कों के मामले में सरकारी नौकरी को सुरक्षित तो माना जाता है, लेकिन इसकी माँग आजकल कम लोग ही करते हैं। नौकरी पेशा लड़कियाँ तो बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में काम करने वाले लड़कों को पैकेज आदि देखकर ही उन्हें पसन्द करती हैं। अब एक अच्छी बात यह देखने में आई है कि आधुनिक युग के युवा शादी में फिजूल खर्ची और ज्यादा दिखावा पसन्द नहीं करते। नौकरी पेशा लड़कियाँ लड़कों की पहली पसन्द होती हैं। लड़के स्पष्ट कहते हैं कि अब वह समय गया जब एक व्यक्ति की कमाई में घर चलता था। आज अगर अपने बच्चों का बेहतर भविष्य बनाना है तो पत्नि का नौकरी करना जरूरी है। नौकरी पेशा पत्नि भविष्य में किसी भी समस्या में अपना साथ एवं योगदान दे सकती हैं।

**- शिखा जैन, प्रान्तीय अध्यक्ष महिला महासमिति, मुरादाबाद**

- दूसरे के भरोसे जीने वाले का कोई निश्चित भविष्य नहीं हो सकता।
- थोड़ा रहने पर जो दान दिया जाता है वह हजार के बराबर होता है।

# हर्षपूर्ण सूचना

**नागौर जिले के बड़ी खाटू स्थान पर** रेलवे द्वारा उपलब्ध कराये गये स्थान पर संत कबीर दास जी की 628वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में कीर्ति स्तंभ बनाने का शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात संत कबीर कोहिनूर सम्मान देश भर से आए हुए महान व्यक्तित्वों को प्रदान किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुझे बहुत ही प्रसन्नता हुई । हमारे साथ मुख्य अतिथि श्री सत्यनारायण जी जटिया भाजपा पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्य , श्री रमेश चंद्र जी रत्न रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, स्वामी संपूर्णानंद जी, धर्मगुरु विवेक मुनि जी, के साथ–साथ कई पद्मश्री तथा अन्य सम्मानित विभूतियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए में सभी आयोजकों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं तथा ऐसे कार्य पूरे देश में होते रहें उसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। विशेष रूप से महंत सद्गुरु नानक दास जी अध्यक्ष सद्गुरु संत कबीर सेवा संस्थान एवं आश्रम, जो कि इस कार्यक्रम के आयोजक थे, उनको बहुत ही साधुवाद , जिन्होंने इतना अच्छा रहने का और भोजन की व्यवस्था की तथा कार्यक्रम का अच्छे से संचालन किया।

**डॉ. मणीन्द्र जैन**

राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री दिगम्बर जैन महासमिति




- दूसरे का अप्रिय वचन सुनकर भी सर्वोत्तम व्यक्ति सदा प्रिय वाणी ही बोलता है।
- बड़प्पन वह गुण है जो पद से नहीं, संस्कारों से प्राप्त होता है।

- धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली



# श्री दिगंबर जैन महासमीति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर के चुनाव सम्पन्न

## महिला संभाग अध्यक्ष मधु पाटनी मंत्री सुषमा पाटनी
## युवा संभाग अध्यक्ष सोनिका भैसा मंत्री रिंकु कासलीवाल चुनी गई

श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर के चुनाव राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीलाजी डोड्या के निर्देशानुसार व चुनाव अधिकारी श्री प्रमोद सोनी के आथित्य में चुनाव सम्पन्न हुए राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि समिति की संस्थापक निर्मला पांड्या ,सुर्यकांता जैन व युवासंभाग की संस्थापक अध्यक्ष अर्चना गंगवाल ने दोनों संभाग के निम्न पदों पर सदस्याओं की घोषणा की परामर्शक शिखा बिलाला,रोशनी सोगानी कार्याध्यक्ष सरला लुहाडिया,भावना बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष रेणु पाटनी,मंजु ठोलिया, सह कोषाध्यक्ष शांता काला,मधु काला, महिला प्रकोष्ठ मंत्री अनिता बडजात्या,प्रीति गदिया युवा महिला प्रकोष्ठ मंत्री अंजु अजमेरा,पूनम बडजात्या,प्रचार प्रसार मंत्री शशि बज,मंजु गंगवाल सांस्कृतिक मंत्री बीना कासलीवाल, अंजु गोधा धार्मिक मंत्री रीटा जैन,मंजुलता जैन युवा संभाग अध्यक्ष सोनिका भैसा व मंत्री सुषमा पाटनी ने बताया कि महिला संभाग कार्यकारिणी में लता जैन,दीपिका गंगवाल, सुधा पालीवाल, सविता सेठी, सारिका जैन, मधु जैन युवा संभाग कार्यकारिणी में सपना पाटनी, प्रिया जैन,चांदनी पाटनी, प्रियशी गंगवाल पूजा डोसी, हिना काला,सपना बडजात्या,नम्रता लुहाडिया आदि सर्वसम्मति से चुनी गई मनोनीत सदस्य पार्षद रूबी जैन,अनिता पाटनी,डाक्टर बीना पाटोदी,नीलू पाटोदी,साधना दनगसिया चुनी गई अंत मे युवा संभाग मंत्री रिंकु कासलीवाल ने सभी का आभार प्रकट किया इस अवसर पर समाजश्रेष्ठी श्री प्रमोद सोनी ने जैन धर्म के मर्म पर प्रकाश डाला ।

- मधु पाटनी, महिला संभाग अध्यक्ष अजमेर





**श्री दिगंबर जैन महासमिती वर्धा संभाग के सदस्यों ने गुरूपूर्णिमा के शुभ अवसर पर सामूहिक संगीत भजन का कार्यक्रम कर सानंद संपन्न किया। खूब खूब अनुमोदना वर्धा संभाग के अध्यक्ष अरुणजी चवड़े एवं महामंत्री राजेशजी भुसारी इनकी संपूर्ण टीम**









**हाई कोर्ट बिलासपुर छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं वर्तमान में न्यायाधीश छत्तीसगढ़ राज्य कंज्यूमर कोर्ट रायपुर में अपनी सेवा दे रहे आदरणीय दिनेश चंद्र चोरडिया जी से एक सौजन्य भेंट हुई बहुत ही सरल और सहज सामाजिक धार्मिक व्यक्तित्व के धनी हैं।**

**- सन्तोष कुमार जैन बालाघाट**

जो पीड़ा तुम स्वयं बर्दाश्त नहीं कर सकते वो, किसी और को भी मत दो प्रकृति का नियम है कि आज तुम जो दूसरों को दोगे कल वही तुम्हे ब्याज सहित मिलेगी।

जिंदगी में सबसे बड़ा धनवान वो इंसान होता हैं... जो दूसरों को अपनी मुस्कुराहट देकर उनका दिल जीत लेता हैं...!

# गुरु पूर्णिमा पर सिद्ध चक्र विधान मंडल का आयोजन



सरावगी मोहल्ला स्थित प्राचीन जैन मंदिर महापूत जिनालय मे अष्टानिका पर्व के अवसर पर आठ दिन तक सिद्ध चक्र विधान का आयोजन किया गया।

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि विधान के सहयोगकर्ता चन्द्रकला, प्रदीप प्रियंका सेठी रहे मंत्रो का उच्चारण समिति की संरक्षक श्रीमती निर्मला पांड्या ने किया अर्घ समर्पण पंडित विशाल भैया ने करवाए 30 से अधिक जैन धर्मावलंबी महिलाओं ने आठ दिन तक विधान किया इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की सदस्याओं ने आयोजन कर्ता का माल्यार्पण कर सम्मान किया इस अवसर पर समीति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी, मंत्री सुषमा पाटनी, कोषाध्यक्ष रेणु पाटनी प्रचार प्रसार मंत्री शशि बज सर्वोदय ईकाई अध्यक्ष अनामिका सुरलाया अनिता पाटोदी व सरावगी मोहल्ला की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

- मधु पाटनी, अजमेर

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला कोटा सम्भाग के तत्वावधान में मुनिसुव्रतनाथ विधान का आयोजन

श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला कोटा सम्भाग की सदस्याओं ने मुनिसुव्रतनाथ विधान किया। अध्यक्ष मधु शाह ने बताया कि नव वर्ष 2025 संसार के सभी जीवों के लिए मंगलमय हो, प्राणी मात्र की रक्षा हो, महावीर भगवान का सिद्धांत जीओ ओर जीने दो की भावना के साथ कोटा सम्भाग जहाजपुर के अतिशयकारी मुनिसुव्रतनाथ भगवान के समक्ष विधान किया गया।

ग्रुप की कोषाध्यक्ष रजनी जैन एवं युवा प्रकोष्ठ मंत्री नीना लुहाड़िया ने बताया कि हर वर्ष ग्रुप द्वारा सभी की मंगलमय भावना के लिए जहाजपुर, चांदखेड़ी, बिजोलिया जाकर विधान किया जाता है। संगीता रावका, मीना पाटनी, अलका बाकलीवाल, फूल कंवर, राजकुमारी, लक्ष्मी जैन, प्रेम लता सर्राफ, यशोमति मूदुला, मैना, दमयंती आशा, सहित 41 सदस्यों ने भक्ति भाव से जहाजपुर में स्वस्ति भूषण माताजी संघ के दर्शन संगीतमय विधान का आनंद लिया।

- मधु शाह अध्यक्ष कोटा



# गुरु पूर्णिमा पर भक्तामर पाठ एवं गुरु भक्ति कार्यक्रम

श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर की आगरा गेट इकाई के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छोटा धड़ा की नसिया में चतुर्थ कालीन एवं अतिशयकारी 1008 भगवान आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा के सम्मुख 48 दीपक प्रज्ज्वलित कर रिद्धि सिद्धि मंत्रों द्वारा भक्तामर पाठ किया गया राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर भजनों के माध्यम से गुरु का गुणानुवाद किया गया आगरा गेट इकाई की अध्यक्ष अंजू गोधा संयोजक मधु काला ने बताया कि कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारीगण व ईकाई सदस्याओं ने श्रीजी के सम्मुख भक्तिभाव पूर्वक भजनों में **मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनो हाथ, गुरू की महिमा वरणी न जाए'**, दिन रात गुरुवर तेरे गुण गाऊ भावो की कलिया चरण चढाऊ सहित कई भजन गाए कार्याध्यक्ष भावना बाकलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैसा,प्रिति गदिया,अनिता बडजात्या,लता जैन,शांता काला,पूजा डोसी, रेखा पहाडिया, पुष्पा पाटनी, निशा ठोलिया,अंजु बडजात्या,ललिता बडजात्या ,मधु गोधा,विभा बडजात्या सहित पचास से अधिक सदस्याओं ने भक्ति कार्यक्रम में भाग लिया ।

**- मधु पाटनी, अजमेर**




# श्री दिगम्बर जैन महासमिति देहरादून (उत्तरांचल) के तत्वावधान में आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के आगमन पर स्वागत एवं आरती







**- कल्पना जैन, अध्यक्ष (उत्तराचंल प्रदेश)**

Government of NCT of Delhi

# Department of Revenue, Delhi

## 5, Sham Nath Marg, Civil Lines, Delhi-110054

**APPLICATIONS ARE INVITED FOR SCHOLARSHIP SCHEMES FROM THE STUDENTS BELONGING TO MINORITY CATEGORY {i.e. Jain, Buddhist, Sikh, Zoroastrian (Parsis), Muslim and Christian} OF DELHI FOR THE ACADEMIC YEAR 2024-25**

| | |
|---|---|
| 1. | Reimbursement of tuition fees to the minority students of class I to XII, studying in recognized public/private schools of Delhi |
| 2. | Merit scholarship for students belonging to Minority category studying in Professional/Technical Colleges/Institutions/ Universities |
| 3. | Dr. B. R. Ambedkar State Award for Toppers in Minority category students |

Online applications are invited for above mentioned Scholarship Schemes on: www.edistrict.delhigovt.nic.in

Details of these scholarship schemes, including instructions for applying online by students and verification of applications by educational institutes etc., are available on the official website of the department www.revenue.delhi.gov.in

Last date for submissions of application: **31/08/2025**

**Contact: Revenue Department, GNCT of Delhi.**

**E-mail: scholarshipbranchminority2023@gmail.com**

**Secretary(Revenue)/-Cum-**
**Divisional Commissioner**
**(Revenue Department/GNCTD)**

DIP/Shabdarth/Classified/0089/25-26

# संभागीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

**श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल के जयपुर स्थित संयुक्त महिला संभाग द्वारा** 21 जुलाई 2025 सोमवार को सुरभि सदन पिंजरापोल गौशाला में नवीन संभागीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ जीव दया के अंतर्गत आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज के भावानुसार गोरक्षा संवर्धन हेतु चारा गुड रोटी खिलाकर किया, तत्पश्चात सभी बहनों ने सुरभि सदन में आकर मंगलाचरण कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इसमें पूरे जयपुर शहर से 800 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्री श्रीमती शीला जैन डोडिया ने की समारोह में श्रीमती नीना पहाड़िया, डॉ. निधी पाटनी, श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती किरण बगड़ा श्रीमती शकुंतला चांदवाड, श्रीमती नीतू मुशर्रफ श्रीमती शकुन जैन, श्रीमती सविता बगड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर चार चांद लगाएं। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, और राधा निकुंज संभाग के द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुति दी गई । जयपुर महापौर श्रीमती कुसुम यादव ने समारोह में उपस्थित होकर महिलाओं का आत्मबल बढ़ाया उन्होंने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की । मोटीवेशनल स्पीकर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सौरभ जैन ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। नारायणा हॉस्पीटल की डायरेक्टर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती निधि पाटनी ने महिलाओं को कैंसर के लक्षण कारण बचाव व उपचार के संबंध में जानकारी दी। सावन सुंदरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 40 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पांच राउंड में सामान्य ज्ञान, धार्मिक ज्ञान, वेशभूषा, आदि के आधार पर श्रीमती रुचिका कासलीवाल को सावन सुंदरी के खिताब से नवाजा गया। श्रीमती जोली जैन व श्रीमती पुरवई जैन रनर अप रही। श्रीमती विनीता बोहरा के द्वारा लहरिया स्पेशल हाउजी खिलाई गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। समाज में समन्वय सद्भावना संगठित करने वाली महिला कर्मठ महिलाओं ने सहयोग दिया, उन 51 महिलाओं का नारी गौरव से तिलक ताज माला दुपट्टा साड़ी व प्रशस्ति देकर सम्मान किया गया। इन सभी महिलाओं को सम्मान व गर्व का अनुभव हुआ ।

समाज के सम्माननीय पुरुष अतिथि श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अध्यक्ष श्री एस के जैन, प्रमोद पहाड़िया, उत्तम चंद पाटनी, सुरेश कासलीवाल, दर्शन बाकलीवाल विनोद छाबड़ा, समाचार जगत से शैलेश गोधा, सुधांशु कासलीवाल, उमरावमल संघी, पदम जैन बिलाला, अशोक पांडया, अरुण कोडीवाल, प्रदीप जैन लाला, विनोद कोटखावदा ज्ञानचंद झांझरी, राजेंद्र के शेखर, मनीष बैद, महेश चांदवाड, दिनेश गंगवाल, कमल छाबड़ा, विजय सोगानी आदि की कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति रही अजमेर से श्रीमती मधु पाटनी भीलवाड़ा से श्रीमती मृदुला जैन, बांसवाड़ा से श्रीमती जय श्री जैन भी कार्यक्रम में शामिल हुई। इधर अंचल कोषाध्यक्ष श्रीमती विद्युत लुहाडिया ने बताया कि सांगानेर पूर्वी संभाग के द्वारा कार्यक्रम में हास्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। चल वैजयंती पुरस्कार सांगानेर पूर्व संभाग को उनकी योग्यता के आधार पर दिया गया। जयपुर कैपिटल युवा संभाग के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।राजस्थान अंचल अध्यक्ष श्रीमती शालिनी बाकलीवाल ने कुशल मंच संचालन किया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. वंदना जैन ने सभी का आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

**-डॉ. वन्दना जैन, जयपुर**

## श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल के जयपुर स्थित नवीन संभागीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं लहरिया उत्सव कार्यक्रम की झलकियां....










Vidharbh Ratan award ceremony organised by in bcn news channel Cheif guest Respected central minister Nitin ji Gadkari Maharasthra minister Ashish Jaiswal Guest of honour vikas Mahatme Celebrate guest Marathi film actress Nishi Gandha wad Shri darma ramani, Siraz shiek, Joya shiek Organiser Imran shiek & team Thank you invite me as spl guest



Dr. Richa Jain

## विशिष्ट शिरोमणि संरक्षक



**डॉ. मणीन्द्र जैन**
सुपुत्र–स्व. श्री इन्द्रमणि जैन

G-60 ईस्ट आफ कैलाश
नई दिल्ली–110065
मो. 9810043108

## शिरोमणि संरक्षक



**श्री कमल जैन**
F.504, वर्धमान हाइट्स
रिलाइंस पैट्रोल पंप के सामने
जी.ई. रोड, गंजपारा
पोस्ट दुर्ग
छत्तीसगढ़–491001
मो. 9300683637
9340348338



**श्री सजल जैन**
जय आनन्द परिसर
FLAT No.-201
द्वितीय तल
जैन गली गाँधी चौक
पोस्ट दुर्ग (छत्तीसगढ़)
मो. 9811120344



**श्री अशोक कुमार जैन**
C-305, सूर्या प्लेस
अग्रसेन भवन सिटी
लाइट के सामने
पोस्ट–सूरत
(गुजरात)
मो. 9327912345



**श्री अनिल जैन**
28–29
मान सरोवर कॉलोनी
दिल्ली रोड,
मुरादाबाद (उ.प्र.)
मो. 9837030030

# महत्वपूर्ण सूचना





जयजिनेंद्र, जय महावीर !

श्री दिगंबर जैन महासमिति की भोपाल में संपन्न हुई मीटिंग में सर्वसम्मति से एक बड़ा फैसला लिया गया था कि हम श्री दिगंबर जैन महासमिति एवं महिला महासमिति के सदस्य मिलकर के अपने परिवार के अन्य सदस्य जैसे महिला सदस्य अपने पति को तथा पुरुष सदस्य अपनी पत्नी को भी महासमिति का सदस्य बनायें। साथ ही साथ अपनी युवा पीढ़ी को भी धार्मिक एवं सामाजिक संस्कार देने के लिए अपनी पुत्री या पुत्रवधू या पुत्र को भी महासमिति से जोड़ें जिससे कि आने वाली पीढ़ी को भी हम अच्छे संस्कार दे सकें। इस कार्य को महाराष्ट्र अंचल के द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, अब अन्य अंचल भी तुरंत अमल कर अपना धर्म और समाज के प्रति तथा महासमिति के प्रति नैतिक कर्तव्य निभाएं।

नोटः सभी अंचलों, संभागों एवं इकाइयों के पदाधिकारी गण
इस योजना को अमल में लाने के लिए पूर्ण प्रयास करें।

**डॉ. मणीन्द्र जैन**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री दिगम्बर जैन महासमिति
**श्रीमती शीला जैन डोडिया**
राष्ट्रीय अध्यक्षा, महिला महासमिति

If Undelivered please return to :
70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mobile : 9810043108,8826578600
E-mail : sdjmsnational@gmail.com

To, ____________________